[ 25/7/2019]

प्रश्न सं. [ क्र. 3308 ]

परिशिष्ट - 1

ESSAR
POWER

Essar Power M.P Limited
Village: Bandhora,
Post Karsualal,
Tehsil Mada,
Dist. - Singrauli,
Waidhan - 486 886
Madhya Pradesh.
India

Corporate Identity Number
U40100DL2005PLC201961

T +91 75090 61540 / 89669 02954
www.essar.com

EPMPL/LA/5322/10

दिनांक :- 10.07.2019

प्रति,

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय

सिंगरौली, जिला सिगरौली (म0प्र0)

विषयः- एस्सार पावर प्रोजेक्ट में आने वाले कोयले का परिवहन सडक मार्ग से किये जाने बावत्। (द्वारा मान्नीय विधायक श्री सुभाष राम चरित्र)।

सन्दर्भः- आपका क्रमांक/636/एस.डी.ओ./री-1/2019 सिंगरौली दिनांक 06.07.2019

-::::::::::-

कृपया विषयांतर्गत सन्दर्भित विधान सभा के अतारांकित प्रश्न क्रमांक 3308 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें उक्त अतारांकित प्रश्न का उत्तर 16.07.2019 के पूर्व दिये जाने का निर्देश प्रदान किया गया है। अतारांकित प्रश्न में चाही गई जानकारी बिन्दुवार निम्नानुसार है :-

| क्र. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | सिगरौली जिले में एस्सार पावर प्रोजेक्ट में उपयोग में आने वाले कोयले का परिवहन सडक मार्गो से आता है और इनके पास दूसरी कोई सुविधा नही है। क्या सडक मार्गो से परिवहन रोकने हेतु शासन कार्यवाही करेगा? | हाँ, वर्तमान में एस्सार पावर के लिए आने वाले कोयले का परिवहन सडक मार्ग के अलावा अन्य कोई विकल्प नही है। क्योकि पावर प्लांट का निर्माण पूर्ण होने के पश्चात मान्नीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 25.09.2014 को देश की 204 कोल ब्लाको के आवंटन को निरस्त कर दिया गया था, जिसमें महान कोल ब्लाक भी सामिल था। कम्पनी की 600X2 (1200 मेगावाट) दो यूनिट विद्युत उत्पादन हेतु तैयार है किन्तु कोयले के अभाव में केवल 25 से 30 प्रतिशत ही विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। परियोजना को चलाने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाईड-लाईन के अनुसार ई-आक्शन के माध्यम से एन. सी.एल. एवं अन्य परियोजनाओ से कोयला प्राप्त कर सडक र्माग से कोल का परिवहन किया जा रहा है। कोल का परिवहन करते समय ट्रको को तिरपाल से ढककर लाया जाता है तथा सडक पर पडे ड्रस्ट की सफाई भी प्रतिदिन की जा रही है एवं सडक पर पानी का छिडकाव भी कराया जा रहा है। परसौना से एस्सार पावर प्लाट बन्धौरा तक के सडक के चौडीकरण, रख-रखाव एवं मरम्मत का कार्य कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में गजराबहरा रेलवे साइडिंग से भी कोयले का परिवहन |



Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | किया जा रहा है। मान्नीय विधायक महोदय से अनुरोध है कि भारत सरकार से जो कोल ब्लाक (महान कोल ब्लाक) पावर प्लांट को आवंटित किया गया था, जिसको उच्चतम न्यायालय के द्वारा दिनांक 25.09.2014 को निरस्त कर दिया गया था, यह कोल ब्लाक अभी किसी कम्पनी को आवंटित नही है, को आवंटित कराने की महान कृपा करे। क्योकि वर्तमान में परोक्ष रुप तथा अपरोक्ष रुप से से पाँच हजार लोगो को रोजगार मिला हुआ है। |
| (ख) | क्या सडक मार्ग से कोयला परिवहन करने के कारण मार्गो की स्थिती काफी खराब हो रही है व काफी दुर्घटनाये भी हो रही है। इसको रोकने के लिए शासन क्या कार्यवाही करेगा? विगत एक वर्ष से प्रश्नांश दिनांक तक कितनी दुर्घटाये घटी है? | ग्राम परसौना से पावर पलांट तक की सडक को कम्पनी के द्वारा चौडी करण करके पक्की सडक बनाई गई है। जिस पर कोल परिवहन होता है। दुर्घटनाओ को रोकने के लिए जिला प्रशासन एवं जिला पुलिंस प्रशासन के द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिया जाता है कम्पनी के द्वारा उसका पालन किया जा रहा है तथा आदेश का पालन सम्बन्धित ट्रांसपोर्टरो से भी कराया जाता है। |
| (ग) | क्या प्रश्नांश (क) में ली गई भूमि के विस्थापितो को रोजगार नही दिया जा रहा है और बाहरी व्यक्तियो को रोजगार दिया जा रहा है? यदि दिया गया है तो पृथक–पृथक सूची उपलब्ध कराई जावे। | कलेक्टर एवं कम्पनी के मध्य किये गये करारनमा दिनांक 18.10.2008 के परिपालन में परियोजना से विस्थापित हुए पात्र कुल 521 विस्थापितो को नौकरी के एवज में मासिक भत्ता दिया जा रहा है जो वर्तमान में 9180/–रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है, साथ ही 126 पात्र विस्थापितो को 1000/–रुपये प्रतिमाह पेंशन दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भूविस्थापितो को जिनको नौकरी/भत्ता पाने की पात्रता नही है, कम्पनी के द्वारा ऐसे 22 प्रतिशत PAP 46 प्रतिशत स्थानीय/सिंगरौली, 13 प्रतिशत मध्य प्रदेश के, इस प्रकार कुल 81 प्रतिशत (विस्थापितो, स्थानीय/सिंगरौली तथा म0प्र0) के व्यक्तियो को कम्पनी के अन्दर संविदाकारो के अधीनस्थ कार्य दिलाया गया है। साथ ही साथ 19 प्रतिशत दूसरे राज्य के व्यक्तियो को जो पावर प्लांट के लिए हाईस्कील्ड है, को भी संविदाकारो के अधीनस्थ कार्य कर रहे है। |
| (घ) | क्याा एस्सार पावर प्रोजेक्ट द्वारा कार्य संपादित कराने के लिए ठेकेदारो के माध्यम से ठेके पर दिया है, यदि हा तो कितने ठेकेदार स्थानीय/ भू–विस्थापित एवं अन्य प्रोजेक्ट प्रभावित व्यक्ति है एवं कितने ठेकेदार बाहर के है विस्तृत लिस्ट एवं ठेके आवंटन तिथि की जानकारी एस्सार पावर प्रोजेक्ट आर.एण्ड आर. पालसी के अन्तर्गत कुल कितने भू–विस्थापित | 1. हाँ, पावर प्लांट के अन्दर प्लांट मेन्टीनेंश एवं रेगुलर सर्विशेस तथा ए.एम.सी. का कार्य ठेकेदारो के माध्यम से किया जाता है। विस्थापितो द्वारा गठित 14 सोसायटी एवं विस्थापितो द्वारा गठित फर्मो को कुल ठेके का 10 प्रतिशत कार्य का आवंटन किया गया है।<br>2. कुल ठेके का 55 प्रतिशत ठेका का कार्य स्थानीय/सिंगरौली जिले के व्यक्तियो को दिया गया है तथा 35 प्रतिशत ठेका का कार्य जो हाई स्किल एवं टेक्निकल लेवल के होते है वे कार्य सिंगरौली जिले के बाहर/बाहरी ठेकेदारो को दिया गया है। |

Scanned by CamScanner

ESSAR
POWER

| | | |
|---|---|---|
| | हुए है? उनमें से कितने की कम्पनी में रोजगार दिलाया गया है एवं कितने बाहरी व्यक्तियो को रोजगार दिया गया है? आर.एण्ड आर. पालसी के अन्तर्तगत आने वाले विथापितो को कम्पनी में रोजगार क्यो नही दिया जा रहा है? | 3. विस्थापितो को छोडकर सभी स्थानीय एवं बाहरी ठेकेदारो को कम्पनी के द्वारा ठेका ई–आक्शन के माध्यम से दिया जाता है।<br>4. विस्थापितो के रोजगार से सम्बन्धित जानकारी प्रश्नांक (ग) में दिया जा चुका है। |

अतः उपरोक्तानुसार चाही गई जानकारी तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

वास्ते एस्सार पावर एम0पी0 लिमिटेड

प्राधिकृत अधिकारी

Scanned by CamScanner